बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-89
**27/01/2023**

# मुख्यमंत्री ने पटना तारामण्डल के प्रोजेक्शन सिस्टम के आधुनिकीकरण कार्य का लिया जायजा

पटना, 27 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने इंदिरा गांधी विज्ञान परिसर, पटना स्थित तारामंडल के प्रोजेक्शन सिस्टम के किये जा रहे आधुनिकीकरण कार्य का जायजा लिया। जायजा लेने के क्रम में मुख्यमंत्री ने स्काई थियेटर, कंप्यूटर सेक्शन, सोलर प्लेट, तारामंडल भवन के आंतरिक हिस्से एवं ऊपरी तल, वाह्य परिसर आदि का मुआयना किया। अधिकारियों ने पटना तारामंडल के प्रोजेक्शन सिस्टम के आधुनिकीकरण से संबंधित कार्य को प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री को प्रोजेक्शन सिस्टम, प्रोजेक्शन डोम, थियेटर सिस्टम, लाइटिंग सिस्टम, साउंड सिस्टम आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पटना तारामंडल का भवन मजबूत और आकर्षक हो, यह आने वाले दर्शकों के लिए सुविधाजनक हो, इसको ध्यान में रखते हुए अधुनिकीकरण का कार्य निर्धारित समय–सीमा के अंदर पूर्ण कराएं। पटना तारामंडल काफी पुराना है, इसके स्ट्रक्चर को मजबूती प्रदान करने के लिए हर जरूरी कार्य सुनिश्चित कराएं ताकि यह लंबे समय तक सुरक्षित रहे। इंदिरा गांधी विज्ञान परिसर स्थित ऑडिटोरियम को भी बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दें। पटना तारामंडल में पर्याप्त रूप से सौर ऊर्जा उपलब्ध हो, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। दरभंगा में काफी सुंदर और बेहतरीन तारामंडल बन गया है। उसके शुभारंभ के अवसर पर ही हमने पटना के तारामंडल को भी आधुनिक बनाने का निर्देश दिया था ताकि यह भी आधुनिक तकनीक एवं सुविधाओं से सुसज्जित हो सके। इंदिरा गांधी विज्ञान परिसर के सौंदर्यीकरण का कार्य भी अवश्य कराएं। आधुनिकीकरण का कार्य इस ढंग से पूर्ण कराएं कि पटना तारामंडल में किसी प्रकार की कमी न रहे। पटना तारामंडल आधुनिक तकनीक एवं सुविधाओं से सुसज्जित हो जाएगा तो मुझे बेहद खुशी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बापू के व्यक्तित्व और कृतित्व को जानना, नई पीढ़ी के लिए बहुत जरूरी है। नई तकनीक के माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा बताये गये सात सामाजिक पापों को जरूर अवगत करायें। साथ ही आजादी की लड़ाई में बापू की जो भूमिका रही है, उसे लेकर भी नई पीढ़ी को जानकारी देने की व्यवस्था करायें। इसके साथ ही बिहार की पौराणिकता एवं महत्ता से भी लोगों को रूबरू कराएं।

इसके पश्चात् पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम पहले भी तारामंडल आते रहे हैं। जब हम पश्चिम बंगाल गए थे तो वहां का तारामंडल बहुत अच्छा लगा था, तब हमने यहां पर आकर कहा था कि इसको और इम्प्रूव कीजिए। ये वर्ष 2010–11 की बात है। उसी समय हमने तय किया कि दरभंगा में भी एक तारामंडल बनवाएंगे। दरभंगा तारामंडल बनाने में बहुत समय लगा लेकिन बहुत अच्छा बन गया। पटना तारामंडल के लिए हम शुरू से कह रहे थे कि यहां पर भी इसको दूसरे ढंग से बनाइये। हम अक्सर संबंधित अधिकारियों से पूछते रहते थे कि तारामंडल का कैसा काम चल रहा है। इस बार हमने तय किया कि खुद चलकर देख लें कि काम कैसा चल रहा है। हम देखने आए हैं। अब ठीक से

बन रहा है। इसको लेकर अधिकारियों को सुझाव भी दिया है। हमने कहा कि पुरानी जगह को ठीक से जांच कर लीजिए। ऐसा नहीं हो कि आप बना दीजिए और तब बाद में कुछ गड़बड़ी का पता चले। सब कुछ अच्छे से देखकर बनाइए। नया तारामंडल बन जाएगा तो नई पीढ़ी के लोगों के लिए बहुत अच्छा होगा। उन्हें एक–एक चीज की जानकारी मिलेगी।

श्री उपेंद्र कुशवाहा के दिये गये बयान से संबंधित पत्रकारों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे जो कहना था वह हम पहले ही कह चुके हैं। वो क्या बोल रहे हैं, मुझे नहीं पता। एक बात हम बार–बार कह रहे हैं कि किसी भी पॉलिटिकल पार्टी में कोई बात होती है तो उस पर आपस में चर्चा होती है न कि सार्वजनिक रूप से। प्रतिदिन उसके बारे में नहीं बोला जाता है। बार–बार आपलोग पूछते हैं तो हम बोल देते हैं। ऐसी बातों का कोई मतलब नहीं है। जिन लोगों को अपनी बातें कहनी हैं उन्हें पार्टी में अपनी बातें कहनी चाहिए। पहले वे बहुत अच्छा कर रहे थे, अचानक उनको क्या हो गया पता नहीं। हमसे एक महीने से कोई बात नहीं हुयी है। हर आदमी को बोलने का अधिकार है।

श्री उपेंद्र कुशवाहा के पीछे भाजपा का बैकअप होने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये तो आपलोगों को पता होगा या फिर उन्हें ही पता होगा कि चीजें कहां से शुरू हुईं। उनको किस पार्टी ने विधायक बनाया, राज्यसभा भेजा और विधान परिषद् में भेजा। सिर्फ लोकसभा सांसद वो दूसरी पार्टी के सहयोग से बने हैं नहीं तो जदयू से ही राज्यसभा सांसद, एम0एल0ए0 और एम0एल0सी0 बने। हमलोग तो उनकी बहुत इज्जत करते हैं। पहले वे हमारी पार्टी में थे, फिर चले गए, फिर आए, फिर चले गए। हमको तो आश्चर्य लगता है कि हम इतना प्रेम करते हैं, इतना हमारा स्नेह है लेकिन फिर भी कोई चला जाता है तो हम क्या कर सकते हैं। जिनको जहां जाना है जाएं। अब इस संदर्भ में मुझसे आगे मत पूछिएगा। जनता दल यूनाइटेड के लिए इन सब बातों का कोई मतलब नहीं है। पहले कोई नहीं चाहता था इन्हें पार्टी में लाना लेकिन अंत में मेरे ही कहने पर पार्टी के लोग राजी हुए। हम तो उनका सम्मान करते हैं। हमारा तो उनसे प्रेम का भाव है लेकिन कुछ दिनों से आपलोग उनका व्यवहार देख ही रहे हैं।

श्री उपेंद्र कुशवाहा द्वारा पार्टी नहीं छोड़ने की बात कहे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिसको जो मर्जी हो, वह करे। विधानसभा चुनाव में जब हमलोगों को 43 सीटें ही मिली थीं तो वे क्यों हमारे यहां चले आये। वर्ष 2020 के चुनाव में कम सीटें मिलने का हमें दुख था। यह सबों को पता है कि हमलोगों को विधानसभा चुनाव में कम सीटें मिलीं क्योंकि हमलोग जिनके साथ थे वे एकजुट होकर हमें वोट नहीं दिए, जबकि उनको हमारा पूरा वोट मिला। जिसके कारण वे लोग ज्यादा सीटें जीत पाये। मुझे इन सब बातों पर आश्चर्य लगता है। पार्टी में हमारे ही कहने पर श्री उपेंद्र कुशवाहा को लेकर सभी लोग सहमत हुए थे। हमलोग चाहते थे कि अगर कोई बात है तो हमसे आकर कहें। श्री उपेंद्र कुशवाहा ट्वीट कर रहे हैं या बोल देते हैं उस पर आपलोग हमसे पूछ देते हैं। इसका कोई मतलब नहीं है। जिनको जो इच्छा हो, वो बोलते रहें। राजनीति में सबकी अपनी–अपनी इच्छा होती है। किसी के आने और जाने की अपनी इच्छा होती है। पार्टी को इन सब बातों से कोई मतलब नहीं है। पार्टी के लोग अपने काम में लगे रहते हैं। हमारी पार्टी के सदस्यों की संख्या पहले से और ज्यादा बढ़ गई है। हम किसी का भी नुकसान नहीं करते हैं। अपने लाभ के लिए हम कुछ नहीं करते हैं। हम समाज के उत्थान के लिए काम करते रहते हैं। शराबबंदी लागू होने से कई लोग मेरे खिलाफ हो गये हैं। अभी हम समाधान यात्रा पर जाते हैं तो चलकर देख लीजिए कि महिलाओं में कितनी खुशी है। हमलोग सभी जातियों और सभी धर्मों के लोगों के लिए काम करते हैं। समाधान यात्रा के दौरान लड़के–लड़कियां, पुरुष–महिलाएं सभी लोग मिलकर मुझसे अपनी बात एवं समस्या कहते हैं। इसी को लेकर हमलोग बिहार में घूम रहे हैं।

देश की यात्रा पर जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एक बार हम प्रत्येक पार्टियों से बातचीत कर चुके हैं। अभी कई पार्टियों का अपना–अपना कार्यक्रम चल रहा है। जब उनका कार्यक्रम समाप्त हो जायेगा और वे बुलायेंगे तो कितने दल आगे मिलकर काम करेंगे, यह बैठकर तय हो जायेगा। अभी सभी पार्टियां अपने–अपने काम में लगी हैं। लोकसभा चुनाव में अब ज्यादा दिन नहीं हैं। हमलोग इंतजार कर रहे हैं कि सभी दल एक साथ बैठकर चर्चा करें। बिहार में हमलोग सात पार्टियों को साथ में लेकर सरकार चला रहे हैं। बिहार में इसको लेकर कोई दिक्कत नहीं है लेकिन अगर देश भर में विपक्षी दलों को एकजुट होना है तो सभी दलों के साथ बैठकर बातचीत होगी। कांग्रेस की अभी यात्रा चल रही है। सभी लोग जब फ्री हो जायेंगे तो मिल बैठकर चर्चा करेंगे।

इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, सचिव भवन निर्माण सह आयुक्त पटना प्रमंडल श्री कुमार रवि, सचिव विज्ञान एवं प्रावैधिकी श्री लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढिल्लो सहित पटना तारामंडल के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

******